प्रादेशिक समाचार
06.11.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में राजनीतिक सरगर्मी चरम पर है, जहां भाजपा और झामुमो दोनों जीत के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। झामुमो उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में झामुमो और यूपीए के शीर्ष नेता मैदान में हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में पार्टी ने बड़े नेताओं को प्रचार में उतारा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दामपाड़ा गंधनिया हाट मैदान में सभा करेंगे, जबकि बंगाल के विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी सर्कस मैदान दाहिगोड़ा में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली करेंगे।

****

धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत में श्री महतो ने सरकार पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है।

****

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग द्वारा 1 से 30 नवंबर तक राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) अभियान 4.0 आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक के माध्यम से दो करोड़ पेंशनभोगियों तक पहुंचना है, ताकि वे घर बैठे आसानी से जीवन प्रमाणपत्र जमा कर सकें। इस अभियान के तहत आज गुमला में शिविर का आयोजन किया गया। विभाग के निदेशक राकेश कुमार ने शिविर का निरीक्षण किया और जन जागरुकता पर बल दिया।

****

जेएसएससी सीजीएल से जुड़े पेपर लीक प्रकरण पर न्याय की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने आज राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौपा। अभ्यर्थियों ने राज्यपाल से जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक प्रकरण की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच का आग्रह किया। उन्होंने आयोग की जवाब देही और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने का आग्रह भी राज्यपाल से किया।

****

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रामगढ़ जिले में कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। इस सिलसिले में उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने मुख्य चौक चौराहों पर रफ्तार घटाओ– सुरक्षा बढ़ाओ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी ने तेज रफ्तार वाहन चालकों पर लगभग 70 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

****

सरायकेला–खरसांवा जिले में प्रधानमंत्री जनमन योजना के जरिये आदिम जनजातियों का जीवन संवारने का प्रयास किया जा रहा है।

****

सिमडेगा के तीर्थ स्थल श्री रामरेखा धाम में आयोजित तीन दिवसीय राजकीय रामरेखा महोत्सव का आज समापन हुआ। महोत्सव में झारखंड और पड़ोसी राज्यों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और उन्होंने गुफा मंदिर में स्थित विग्रहों के दर्शन पूजन किए। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर, गायिका पूजा चटर्जी, शालिनी दुबे, राधा श्रीवास्तव कॉमेडियन रविंद्र जॉनी सहित कई आमंत्रित और स्थानीय कलाकारों ने हिंदी और नागपुरी भजनों व गीतों की प्रस्तुति कर श्रोताओं का मनोरंजन किया।

*********समाप्त**********